दैनिक जागरण 21/10/2022

# सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सेमिनार आयोजित

**अंबाला** : सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यूनाइटेड नेशन आर्गेनाइजेशन सेमीनार का आयोजन किया गया। इस दौरान गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के प्रो. डा. सुरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बच्चों को संयुक्त राष्ट्र संघ के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी। बच्चों ने संयुक्त राष्ट्र के बारे में अनेक प्रश्न पूछ कर इस विषय में रुचि दिखाई ।स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष जगमीत सिंह, प्रधानाचार्य सुखजिंदर कौर, उपप्रधानाचार्य रीटा शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों का ज्ञान बढ़ाने में सहायक साबित होते हैं।